**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 4005**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**नासिक हवाई अड्डे का विस्तार**

**4005. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेशः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नासिक के आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास और विशेष रूप से 2027 में आगामी कुंभ मेले के लिए नासिक हवाई अड्डे के लिए वाणिज्यिक उड़ानों हेतु बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए कोई उपाय किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने नासिक में 2027 में आगामी कुंभ मेले, जहां दुनिया भर से करोड़ों लोगों के आने की संभावना हैं, के मद्देनजर उक्त हवाई अड्डे के लिए विमान यातायात, यात्री मांग और एयर कार्गो यातायात मांग में अनुमानित वृद्धि की पहचान करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (घ): हवाईअड्डों का विस्तार और उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इसे हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक सरोकारों, यातायात की मांग/एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों से/के लिए परिचालन करने की स्वेच्छा के आधार पर किया जाता है। नासिक हवाईअड्डे का स्वामित्व हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के पास है। यातायात में प्रत्याशित वृद्धि को पूरा करने के लिए, एचएएल ने देश के विभिन्न भागों के साथ संपर्क बढ़ाने हेतु अतिरिक्त उड़ानें और नए मार्ग आरंभ करने के लिए विभिन्न एयरलाइनों के साथ सहयोग किया है।

******